RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक- 48 भीलवाड़ा, सोमवार, 01 जून 2026 पृष्ठ-04 मूल्य-04 रूपये

# महंगाई का झटका: 42 महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर, दिल्ली में कीमत 3,113.50

## घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं को राहत, 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं; कोलकाता में 53.50 की बड़ी बढ़ोतरी

▪ स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली** । आम जनता और व्यापारिक वर्ग पर महंगाई का बोझ एक बार फिर बढ़ गया है। देश की सरकारी तेल कंपनियों ने 1 जून से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी (LPG) सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। नई दरों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 42 रुपये बढ़ा दिए गए हैं, जिसके बाद इसकी नई कीमत 3,113.50 रुपये हो गई है। हालांकि, आम गृहणियों के लिए राहत की बात यह है कि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और वह अपनी पुरानी कीमतों पर ही स्थिर हैं।


**महानगरों में नए रेट्स लागू:**

तेल विपणन कंपनियों (OMCs) द्वारा जारी ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, यह बढ़ोतरी देश के सभी प्रमुख महानगरों में अलग-अलग स्तर पर लागू हुई है:

**दिल्ली:** 19 किलो का सिलेंडर 42 रुपये महंगा होकर 3,113.50 का हुआ।

**कोलकाता:** यहाँ सबसे अधिक 53.50 रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे अब नया रेट 3,255.50 हो गया है।

**छोटा सिलेंडर भी महंगा:** तेल कंपनियों ने व्यावसायिक इस्तेमाल वाले 5 किलोग्राम वाले छोटे एफटीएल




(Free Trade LPG) सिलेंडर के दाम में भी 11 रुपये की बढ़ोतरी की है, जिसके बाद दिल्ली में इसका दाम 821.50 हो गया है।

**बाजार पर पड़ेगा सीधा असर:**

कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुई इस वृद्धि का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों पर पड़ेगा। व्यापारियों का कहना है कि कमर्शियल गैस महंगी होने से बाहर खाना-पीना और शादियों आदि के बजट में बढ़ोतरी होना तय है।

**कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार सख्त, देश भर में 6,500 छापे:**

मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर-मंत्रालयी बैठक में स्पष्ट किया कि देश में ईंधन और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और घरेलू रिफाइनरियां रिकॉर्ड स्तर पर उत्पादन कर रही हैं।

लेकिन कुछ जगहों पर व्यावसायिक कार्यों में घरेलू सिलेंडरों के अवैध डायवर्जन और जमाखोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इसे रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों ने पिछले चार दिनों में देश भर में एलपीजी वितरकों पर 6,500 से अधिक छापे (Raids) मारे हैं, जिनमें कई एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारियां भी की गई हैं। सरकार ने तेल कंपनियों को आगामी दिनों के लिए न्यूनतम 30 दिनों का एलपीजी बैकअप स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# INDIA ब्लॉक में एकजुटता या दरार? 6 जून की महाबैठक में DMK के रुख पर टिकी देश की निगाहें

## राष्ट्रीय स्तर पर बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच विपक्ष की बड़ी परीक्षा; टीएमसी पर हमले के बाद राहुल-ममता के बीच फोन पर हुई लंबी बातचीत

▪ स्मार्ट हलचल

**दिल्ली** । राष्ट्रीय राजनीति में आए बड़े बदलावों और कई राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद विपक्षी गठबंधन 'INDIA' (इंडिया) ब्लॉक आगामी 6 जून को एक बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक बैठक करने जा रहा है। लंबे अंतराल के बाद होने जा रही इस महाबैठक को गठबंधन की एकजुटता और भविष्य की दिशा तय करने के लिहाज से एक नई व कड़ी परीक्षा माना जा रहा है। सहयोगी दलों के बीच समय-समय पर उभरकर सामने आए मतभेदों और बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच होने वाली इस बैठक पर इस समय पूरे देश की राजनीतिक विश्लेषकों की निगाहें टिकी हुई हैं।








**डीएमके का रुख रहेगा सबसे अहम, क्या टूटेगा गठबंधन?**

इस प्रस्तावित बैठक में सबसे बड़ा कौतूहल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) के रुख को लेकर बना हुआ है। तमिलनाडु के सियासी गलियारों में हाल ही में हुए घटनाक्रमों के तहत टीवीके (TVK) को समर्थन दिए जाने की खबरों से नाराज डीएमके, कांग्रेस से अपना गठबंधन तोड़ चुकी है। अब सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि डीएमके विपक्ष की इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेती है या नहीं। राजनीतिक गलियारों में अंदरखाने यह सुगबुगाहट भी तेज है कि डीएमके को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में 6 जून की यह बैठक साफ कर देगी कि डीएमके 'INDIA' ब्लॉक का हिस्सा बनी रहेगी या उसकी राहें जुदा होंगी।

**मानसून सत्र की साझा रणनीति और संयुक्त अभियान मुख्य एजेंडा**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस हाई-प्रोफाइल बैठक का मुख्य एजेंडा विपक्षी राजनीति की आगे की राह तय करना और भविष्य की कूटनीति का खाका खींचना है। आगामी संसद के मानसून सत्र में विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की साझा रणनीति, अलग-अलग राज्यों में क्षेत्रीय दलों के बीच बेहतर राजनीतिक समन्वय और देश भर में भाजपा के मुकाबले विपक्ष का संयुक्त अभियान चलाने जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है। यह बैठक ऐसे नाजुक समय में हो रही है जब गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल अपने-अपने राज्यों में गंभीर आंतरिक और बाहरी राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं।

**टीएमसी में बढ़ता असंतोष और राहुल-ममता की लंबी बातचीत**

पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों के बाद वहां का राजनीतिक माहौल बेहद गर्माया हुआ है। राज्य में तृणमूल कांग्रेस (TMC) को मिली हार के बाद वहां पार्टी नेताओं पर लगातार हमले होने की खबरें आ रही हैं। इसी बीच, टीएमसी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के बाद दिल्ली से लेकर कोलकाता तक सियासी हलचल तेज हो गई।

इस घटना के बाद लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच फोन पर काफी लंबी बातचीत हुई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बंगाल में हुए नुकसान और पार्टी के भीतर बढ़ते असंतोष के बाद ममता बनर्जी अब राष्ट्रीय स्तर पर खुद को मजबूत बनाए रखने के लिए 'INDIA' ब्लॉक की एकजुटता और इसकी मजबूती पर विशेष जोर दे सकती हैं। बहरहाल, 6 जून की बैठक यह तय करेगी कि विपक्ष का यह कुनबा एक साथ आगे बढ़ता है या आपसी मतभेदों की भेंट चढ़ जाता है।

# आरसीबी ने रचा इतिहास

## गुजरात को 5 विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार जीता आईपीएल का खिताब



अहमदाबाद । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 के हाई-प्रोफाइल फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। पिछले सीजन (2025) में पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाली आरसीबी ने इस बार अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए नया इतिहास रच दिया है। रविवार को अहमदाबाद के खचाखच भरे नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस खिताबी मुकाबले में आरसीबी ने पूरी तरह अपना दबदबा कायम रखा।

**वाशिंगटन सुंदर का अर्धशतक, गेंदबाजों ने लगाया अंकुश:**

इससे पहले फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत बेहद खराब रही। पूरे टूर्नामेंट में रनों का अंबार लगाने वाले कप्तान शुभमन गिल (10) और साई सुदर्शन (12) जैसे स्टार बल्लेबाज इस बड़े मैच में पूरी तरह फ्लॉप साबित हुए। गुजरात की ओर से एकमात्र सफल बल्लेबाज वाशिंगटन सुंदर रहे, जिन्होंने 37 गेंदों पर नाबाद 50 रनों की जुझारू पारी खेलकर टीम को संकट से निकाला। इसके अलावा निशांत सिंधू ने 20, जोस बटलर ने 19 और अरशद खान ने 15 रनों का योगदान दिया, जिसकी बदौलत गुजरात 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 27 रन देकर सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए। वहीं जोश हेजलवुड व भुवनेश्वर कुमार को 2-2 और क्रुणाल पांड्या को 1 विकेट मिला।

**विराट कोहली की ऐतिहासिक पारी, छक्के के साथ बनाया चैंपियन:**

156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी को ओपनर वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली ने तूफानी शुरुआत दी। दोनों ने महज 4.3 ओवर में ही पहले विकेट के लिए 62 रनों की आतिशी साझेदारी कर डाली। अय्यर ने 16 गेंदों पर 4 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। हालांकि, इसके बाद देवदत्त पड्डिकल (1), कप्तान रजत पाटीदार (15) और क्रुणाल पांड्या (1) के विकेट जल्दी-जल्दी गिरने से आरसीबी का स्कोर 62/1 से 89/3 हो गया।

ऐसे नाजुक मोड़ पर 'किंग' विराट कोहली ने एक छोर मजबूती से थामे रखा। उन्होंने पहले टिम डेविड (24) के साथ 41 रनों की बहुमूल्य साझेदारी की। कोहली ने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट्स खेलते हुए महज 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक भी रहा। विराट कोहली ने 42 गेंदों पर 9 चौकों और 3 गगनचुंबी छक्कों की मदद से नाबाद 75 रनों की अविश्वसनीय पारी खेली। उन्होंने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर गगनचुंबी छक्का जड़कर आरसीबी को 5 विकेट से शानदार जीत दिलाई और लगातार दूसरी बार चैंपियन बना दिया। कोहली के साथ जितेश शर्मा 11 रन बनाकर नाबाद लौटे।

**पांचवें फाइनल में आरसीबी का स्वर्णिम काल:**

आईपीएल के इतिहास में आरसीबी की टीम कुल पांचवीं बार फाइनल में पहुंची थी। इससे पहले टीम साल 2009, 2011 और 2016 के फाइनल में उपविजेता रही थी। लेकिन साल 2025 में पहली बार ट्रॉफी उठाने के बाद, अब 2026 में लगातार दूसरा खिताब जीतकर आरसीबी ने क्रिकेट जगत में अपनी बादशाहत और सुनहरे दौर की मजबूत शुरुआत कर दी है।

# जमीन विवाद में युवक से मारपीट के आरोप, गंभीर चोटों के बावजूद 151 में पाबंद करने पर उठे सवाल

## हाथ-पैर में फ्रैक्चर होने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती, परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही और अमानवीय व्यवहार के लगाए आरोप

▪ स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़** - थाना क्षेत्र के लाडपुरा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक युवक के साथ कथित रूप से बंधक बनाकर मारपीट किए जाने और गंभीर चोटों के बावजूद पुलिस द्वारा उसे उपचार के बजाय शांति भंग की कार्रवाई में पाबंद किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लाडपुरा निवासी संतोष देवी गुर्जर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों के साथ उनकी जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। शिकायत में आरोप है कि 24 मई को उनका पुत्र सुनील गुर्जर बस स्टैंड लाडपुरा गया था, जहां कथित रूप से उसे बहाने से एक दुकान पर बुलाया गया और दुकान के तलघर में ले जाकर बंधक बनाया गया।

शिकायत के अनुसार वहां सुनील पर जमीन छोड़ने का दबाव बनाया गया तथा विरोध करने पर उसके साथ सरियों और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की गई। आरोप है कि युवक को कई घंटों तक बंधक बनाकर रखा गया और बाद में पुलिस को सूचना देकर मामला उलटने का प्रयास किया गया।

परिजनों का कहना है कि मारपीट में सुनील के एक पैर तथा दोनों हाथों में फ्रैक्चर हो गया। शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों पक्षों को थाने ले जाया गया और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 151 के तहत शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की गई।




पीड़ित परिवार का आरोप है कि युवक की हालत गंभीर होने के बावजूद उसका समुचित मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया तथा प्राथमिक उपचार के बाद उसे थाने में बैठाकर रखा गया। बाद में उसे न्यायालय में पेश कर जमानत प्रक्रिया पूरी करवाई गई। जमानत के बाद परिजन उसे तत्काल महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा लेकर पहुंचे, जहां जांच में एक पैर और दोनों हाथों में फ्रैक्चर पाए गए। चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन कर प्लास्टर चढ़ाया गया और उसका उपचार जारी है।

परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते गंभीर चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाता तो युवक को अनावश्यक पीड़ा नहीं झेलनी पड़ती। घटना को लेकर ग्रामीणों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

### पुलिस ने क्या कहा

इस संबंध में लाडपुरा चौकी प्रभारी राम सिंह से मोबाइल पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार दोनों पक्षों के बीच विवाद और झगड़े की स्थिति थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के विरुद्ध पाबंदी की कार्रवाई की गई थी।

चौकी प्रभारी ने कहा कि उस समय उन्हें युवक के हाथ-पैर में फ्रैक्चर जैसी गंभीर चोटों की जानकारी नहीं थी। यदि मेडिकल रिपोर्ट में गंभीर चोटें सामने आती हैं तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उधर पीड़ित पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा पुलिस की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है।

# सनसनीखेज 'ब्लाइंड मर्डर' का आरोपी 4 साल बाद गिरफ्तार

## फोरेंसिक साइंस और ब्रेन मैपिंग टेस्ट से खुला मसूदा के 'ब्लाइंड मर्डर' का राज; हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/मसूदा** - ।जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतनसिंह के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मसूदा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मई-2022 में मसूदा थाना क्षेत्र के ग्राम हरराजपुरा में हुए सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर केस का पर्दाफाश करते हुए मुख्य वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरी कार्रवाई अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक जिला ब्यावर डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृताधिकारी वृत मसूदा जयसिंह के निकट सुपरविजन में मसूदा थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा अंजाम दी गई।

### मई 2022 में दर्ज हुआ था हत्याकांड का मामला

पुलिस के अनुसार, 16 मई 2022 को प्रार्थी इकरामुद्दीन पुत्र इस्माइल (निवासी हरराजपुरा) ने मसूदा थाने में एक लिखित रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि अज्ञात बदमाशों ने उसके भाई इब्राहिम की बेरहमी से हत्या कर दी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल भादसं की धारा 302 के तहत प्रकरण संख्या 172/2022 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था। मामला पूरी तरह अज्ञात आरोपियों के खिलाफ होने के कारण पुलिस के लिए यह एक बड़ी चुनौती बना हुआ था।

### वैज्ञानिक तकनीक और ब्रेन मैपिंग से टूटा आरोपी का हौसला

घटना के खुलासे और अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम द्वारा लगातार तकनीकी व वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन किया गया। मुखबिरों और आसूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध इकबाल उर्फ पोलू पुत्र बाबू मेहरात को दस्तयाब कर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर पुख्ता वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने हेतु आरोपी इकबाल का राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU) गांधीनगर, गुजरात में ब्रेन मैपिंग परीक्षण (Brain Mapping Test) करवाया गया।

फॉरेंसिक लैब से प्राप्त ब्रेन मैपिंग रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि आरोपी इकबाल उर्फ पोलू ने ही अपने सह-आरोपी आलम के साथ मिलकर इब्राहिम की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। साक्ष्य पुख्ता होते ही मसूदा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसे बाद तफ्तीश माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

**हत्या की वजहः** प्लॉट विवाद, व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और रंजिश पुलिस तफ्तीश में सामने आया कि मृतक इब्राहिम और आरोपी इकबाल उर्फ पोलू के बीच जमीन (प्लॉट) को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसके साथ ही दोनों के बीच किराना की दुकान को लेकर भी व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा (कंपटीशन) थी। वहीं, मृतक का आरोपी के परिवार की एक महिला के साथ अवैध संबंधों की शंका को लेकर भी दोनों पक्षों में गहरी अनबन थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी इकबाल उर्फ पोलू ने इब्राहिम को रास्ते से हटाने की साजिश रची और उसकी हत्या कर दी।

# आसींदः सरकारी जमीन का अवैध बेचान, स्टांप पेपर पर 5 लाख रूपये में बेचान का आरोप

▪ स्मार्ट हलचल

**आसीन्द (भीलवाडा).** उपखंड के राजस्व ग्राम खातोला में सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं की नजर टेढ़ी हो गई है। गांव की बेशकीमती सरकारी जमीन पर स्टांप पेपर पर 5 लाख रुपये की बेचने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं, सरकारी जमीन खरीद के पश्चात अवैध निर्माण करने का प्रयास भी शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर आसींद राजस्व प्रशासन को ज्ञापन भी दिया है और कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, खातोला गांव के खसरा नंबर 212 व 214 की सरकारी जमीन पर कुछ गांव के ही लोगों द्वारा कथित तौर पर 5 लाख रुपये की रकम पर बेची गई है। इस सौदे को स्टाम्प पेपर के माध्यम से किया गया। राजस्व रिकार्ड में सरकारी जमीन की निजी व्यक्तिगत बेचान की चर्चा का विषय बना हुआ है।






ग्रामीणों का आरोप है कि इस सरकारी खसरे से ही गांव के मुख्य तालाब में पानी की आवक रहती हैं तथा इस सरकारी आराजी पर अवैध रूप से पक्का निर्माण करने के कारण तालाब फूटने के आशंका का बनी रहेगी ।

स्टांप पेपर पर अवैध खरीद फरोख्त स्टाम्प में आसपास के पड़ोस को भी दिखाया गया है जिसमें एक दिशा में तालाब की पाल, अन्य दिशाओं में अवैध कब्जे धारकों का नाम भी दर्शाया गया है

# बरोदा में स्वच्छ भारत मिशन की खुली पोल, गांव में पसरी गंदगी

▪ स्मार्ट हलचल

क्षेत्र के बरोदा गांव में स्वच्छ भारत मिशन योजना के दावे खोखले नजर आ रहे हैं। गांव की नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी जमा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियों में जमा कचरे और गंदे पानी से बदबू फैल रही है तथा बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी रविन्द्र मलोदीया ने बताया कि सफाई का टेंडर नहीं होने के कारण गांव और नालियों की सफाई कार्य नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सफाई व्यवस्था सुचारू करवाने और नियमित सफाई कराने की मांग की है, ताकि गांव में स्वच्छ वातावरण बना रहे।



# बजरी खनन की शिकायत करना पड़ा भारी, युवक पर लाठी-सरियों से जानलेवा हमला; सरपंच के बेटों पर आरोप

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** - जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र में बजरी खनन की शिकायत करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। सरदार नगर निवासी सत्यनारायण तेली पर सरपंच के साथ आए लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए पहले बनेड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां घायल की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल घायल का भीलवाड़ा के महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय में इलाज जारी है।

घायल सत्यनारायण तेली ने बताया कि मैं और सोहन कुमावत शोभागपुरा बस स्टैंड पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान सरपंच के दो पुत्रों सहित मुख्तियार मंसूरी, कैलाश माली और अन्य 8 से 10 लोग वहां पहुंचे और हम लोगों पर अचानक लाठियों, सरियों व स्टील के पाइपों से हमला कर दिया। हमले में मेरे सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। मैने क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और रेत से भरे ट्रैक्टरों की शिकायत की थी। इसी बात को लेकर मेरे साथ मारपीट की गई। सरदार नगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से पशुओं और वन्य जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। पुलिस की भी बजरी खनन में सरपंच के साथ सांठगांठ है और इसके कारण शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। जिसके कारण उनके हौसले बुलंद हैं। हमारी प्रशासन से मांग है कि सरदार नगर क्षेत्र में खनन विभाग की विशेष जांच टीम भेजकर अवैध बजरी खनन की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इसके साथ ही हमले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



# ईंट भट्टे पर करंट लगने से युवक की मौत, आंधी-तूफान के बीच हुआ हादसा

▪ स्मार्ट हलचल

शाहपुरा थाना क्षेत्र के सूरत सिंह जी का खेड़ा स्थित एक ईंट भट्टे पर विगत रात्रि आए आंधी-तूफान के दौरान करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी आज सुबह मिलने पर क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रामस्वरूप पुत्र श्रीराम खटीक निवासी बनेड़ा, उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रात में तेज आंधी और तूफान के कारण ईंट भट्टे की बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। इसी दौरान इनवर्टर से लाइट चालू करने के प्रयास में इनवर्टर में आई खराबी के चलते करंट फैल गया, जिससे यह हादसा हुआ। पूर्व सरपंच गणपत खटीक ने बताया कि संभवतः इनवर्टर चालू करते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। सुबह अन्य मजदूरों के वहां पहुंचने पर रामस्वरूप अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।



# वंदे गंगा अभियान के तहत भीलवाड़ा में निकली विशाल साइकिल एवं पैदल रैली

## बेहतर स्वास्थ्य एवं ईंधन संरक्षण में साइकिल अच्छा विकल्प - सांसद दामोदर अग्रवाल



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** जल संरक्षण, ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को भीलवाड़ा जिला प्रशासन, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र एवं भीलवाड़ा साइकिल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विशाल साइकिल रैली एवं खिलाड़ियों की पैदल रैली का आयोजन किया गया।

भीलवाड़ा साइकिल क्लब प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रैली को सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक एवं जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने हरी झंडी दिखाकर जिला कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर निगम स्थित चित्रकूट धाम पर संपन्न हुई।

इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि वंदे गंगा अभियान केवल जल संरक्षण का अभियान नहीं, बल्कि देशहित से जुड़ा जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है तथा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पानी की एक-एक बूंद का सदुपयोग करे। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य एवं ईंधन संरक्षण के लिए साइकिल को एक उत्कृष्ट विकल्प बताया।

रैली में भीलवाड़ा साइकिल क्लब के मदन खटोड़, राकेश सक्सेना, अरुण संतोष मुछाल, सुरेश बम्ब, दिनेश भट्ट, राजकुमार अजमेरा, मुकेश कुमावत, विजय कपूर, मुकेश सामरिया, अजीत जैन, रामचंद्र मूंदड़ा, डॉ. देवेंद्र पुरी गोस्वामी, डॉ. फरियाद मोहम्मद, सुरेंद्र छीपा, प्रशांत सिंह परमार, राकेश शर्मा, लीलाराम आडवाणी, सत्यनारायण राठी, सोम शर्मा, भेरूलाल सुवालका, गजानंद गुप्ता, अशोक राठी, प्रतीक ईनाणी, जनमेजयदेव सिंह खंगारोत, रतनलाल छीपा, मोहम्मद एजाज शेख, संपत पोरवाल सहित बड़ी संख्या में साइकिल प्रेमी शामिल हुए।

पैदल रैली में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला ओलंपिक संघ के लाजपत आचार्य, बास्केटबॉल प्रशिक्षक निशा राजपूत, टेबल टेनिस प्रशिक्षक गोपाल माली, बॉक्सिंग प्रशिक्षक राकेश धाकड़, एथलेटिक्स प्रशिक्षक धर्मपाल यादव सहित अनेक वरिष्ठ खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

रैली की विशेषता यह रही कि इसमें छोटे बच्चों से लेकर 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने "वंदे गंगा का संदेश, जल बचाए पूरा देश", "जल बचाओ, पुण्य कमाओ", "जीवन में साइकिल अपनाएं, जल और ईंधन दोनों बचाएं" जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण, ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण सुरक्षा का प्रभावी संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

# कुएं में मिले शव की हुई पहचान, गुमशुदगी दर्ज होने के बाद चला था सर्च

▪ स्मार्ट हलचल



**शक्करगढ़** - कस्बे में शनिवार को कुएं में मिले व्यक्ति के शव की पहचान फखरुद्दीन पुत्र शादरूदीन पटवा (51) निवासी शक्करगढ़ के रूप में हुई है। मृतक की गुमशुदगी पहले ही थाना शक्करगढ़ में दर्ज करवाई गई थी, जिसके बाद पुलिस और परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे। जानकारी के अनुसार 30 मई को कस्बे के एक कुएं में शव दिखाई देने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को बाहर निकलवाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्करगढ़ की मोर्चरी में रखवाया गया। रविवार को थाना शक्करगढ़ से हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार मय जाब्ता अग्रिम कार्रवाई के लिए सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर मेडिकल अधिकारी को तहरीर पेश की, जिसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी करवाई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। घटना के दौरान मौके पर शांति व्यवस्था बनी रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गंगापुर-सहाड़ा क्षेत्र में आज सुबह 7 बजे से 5 घंटे बिजली गुल

▪ स्मार्ट हलचल



**गंगापुर** - अनिवार्य रखरखाव कार्य के कारण 33 केवी पोटला, 33 केवी सहाड़ा एवं 11 केवी कृषि मंडी रोड फीडर प्रभावित। विद्युत विभाग द्वारा अनिवार्य रखरखाव कार्य के कारण सोमवार, 1 जून 2026 को सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक गंगापुर-सहाड़ा तहसील क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान लगभग 5 घंटे तक बिजली नहीं रहेगी।प्रभावित क्षेत्रों में सहाड़ा, पोटला, गुड्डा सुरावास, माझावास, दियास सातलियास, मेहंदी, रायथलियास, टपरिया की खेड़ी, नेगाड़िया का खेड़ा, कांगनी, सालेरा, खाखला सहित आसपास के कई गांव शामिल हैं। गंगापुर नगर क्षेत्र में श्याम नगर, कृषि मंडी रोड, वृंदावन कॉलोनी, कबीर बस्तीआदि इलाकों में भी विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे अपने आवश्यक कार्य समय से पहले पूरे कर लें। पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी कार्यों को ध्यान में रखते हुए पहले से तैयारी कर लें। यह रखरखाव कार्य विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। विभाग ने जनता से सहयोग की अपील की है।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर गौरवशाली आयोजन:झांतलामाता शक्तिपीठ में 50 लाख की धर्मशाला व भव्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण

▪ स्मार्ट हलचल

**मंगरोप** / क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र झांतलामाता शक्तिपीठ परिसर, काबरा गांव में अखिल भारतीय धनगर मेवाड़ा गाडरी समाज के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं सामाजिक एकता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के विकास, शिक्षा, संगठनात्मक मजबूती तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाज के जनसहयोग से झांतलामाता शक्तिपीठ परिसर में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित भव्य प्रवेश द्वार एवं धर्मशाला का लोकार्पण रहा। यह निर्माण कार्य समाज की एकजुटता, सहयोग और सामूहिक सहभागिता का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया।



समाज के कार्यकर्ता मदनलाल गाडरी एवं गोपाललाल गाडरी ने बताया कि वर्ष 2021 में झांतलामाता मंदिर के मुख्य मार्ग पर भव्य प्रवेश द्वार निर्माण का कार्य समाज के आर्थिक सहयोग से प्रारंभ किया गया था। वर्षों की मेहनत और समाजजनों के सहयोग से यह कार्य पूर्ण हुआ, जिसके उपलक्ष्य में अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर तीन दिवसीय उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के प्रथम दिन पारंपरिक बगड़ावत कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें कल्याणपुरा से आए कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दूसरे दिन आयोजित भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों ने भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

बैठक के दौरान समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, शिक्षा को बढ़ावा देने, युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठित समाज ही विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है और समाजहित के कार्यों में सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है।

कार्यक्रम में रावत युग प्रदीप सिंह राणावत, हर्ष प्रदीप सिंह राणावत, प्रद्युम्न सिंह पुरावत, हमीरगढ़ मंडल अध्यक्ष लालाराम गाडरी, जिला परिषद सदस्य भंवरलाल गाडरी, छोटूलाल गाडरी (मंगरोप), जिला महासचिव किशनलाल गाडरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

इसके अलावा किशनलाल आमलीगढ़ पाछली, देवीलाल बिहारीपुरा, नारायणलाल सादी, शंकरलाल गाडरी रतनपुरा, रामसुख रातड़िया, भूरालाल मंगरोप, चतरालाल हमीरगढ़, भेरूलाल दरी, नानूराम पातलियास, नारूलाल करतीयास, शोभलाल रतनपुरा, जमनालाल गाडरी बिहारीपुरा सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे।

समारोह में मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना एवं पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट के शामिल होने का कार्यक्रम निर्धारित था, लेकिन आवश्यक कारणों से वे उपस्थित नहीं हो सके।

# प्राध्यापक, प्राध्यापक-कृषि एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा 2025 संपन्न

## सामान्य ज्ञान में 46.14% एवं हिंदी में 46.83% परीक्षार्थी रहे उपस्थित

▪ स्मार्ट हलचल




**जयपुर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दो पारियों में आयोजित प्राध्यापक, प्राध्यापक-कृषि एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा 2025 का जयपुर जिले में रविवार को शांतिपूर्ण आयोजन हुआ।

परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर पूर्व श्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के माध्यम से आयोजित उक्त परीक्षा की प्रथम पारी में सामान्य ज्ञान का पेपर कुल 183 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया। इसमें पंजीकृत कुल 67,091 परीक्षार्थियों में से 30,953 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पारी में 46.14 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

वहीं द्वितीय पारी में हिंदी विषय का पेपर कुल 86 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुआ। इस पारी में पंजीकृत कुल 26,354 परीक्षार्थियों में से 12,341 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय पारी में 46.83 प्रतिशत परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

परीक्षा सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ संपन्न हुई। जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा परीक्षा को नकलमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।

# रक्तदान के लिए आमजन से किया आह्वान , रक्तदान शिविर आज

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन संस्थापक अध्यक्ष निशा कंवर गौड़ व जिलाध्यक्ष सुनीता कंवर राठौड़ के नेतृत्व में संगठन की बैठक चामुंडा माता मंदिर में रखी गई। जिलाध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि भीलवाड़ा ब्लड सेंटर, गंगा फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर 1 जून 2026 को आयोजित होना है विराट रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन संगठन द्वारा किया गया।



संस्थापक अध्यक्ष निशा कँवर गौड़ ने बताया कि उपस्थित मातृशक्ति से आह्वान किया कि इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करे इस भीषण गर्मी में सभी ब्लड बैंक ब्लड की कमी हो गई है इस कारण रक्तदाताओं से आग्रह किया कि कल आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान करें। रक्तदान से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती हैं।

बैठक के दौरान पार्षद मधु शर्मा, संगठन जिला महामंत्री नीलम कंवर सोलंकी, संगठन उपाध्यक्ष सीमा कंवर, सोना कंवर, मनोज कंवर, आरती शेखावत, कोषाध्यक्ष स्वीटी कंवर कानावत, जिला प्रवक्ता सुनीता कंवर जादू, संगठन मंत्री पूजा कंवर, प्रियंका कंवर, गायत्री कंवर, व मातृशक्ति उपस्थित थी।



# चित्तौड़गढ़ में मंत्री वर्सेज एसपी.... .....

# जनता की मांग बेलगाम मंत्री को हटाए, नेताओ की मांग एसपी का ट्रांसफर

▪ स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ जिले में एसपी की कुर्सी पर पहला कोई शख्स बैठा जिसने मंत्री को एफआईआर रूपी आईना दिखाकर ना सिर्फ विभाग के हर एक पुलिसकर्मी का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया बल्कि जनता के दिलो में भी गहरी आस्था का दीपक जला दिया है, इस पूरे घटनाक्रम के बाद तो जनता भी कहने लगी कि बेलगाम नेताओ ओर शहर व जिले में हो रहे अवैध बजरी, खुलकर भ्रष्टाचार, नेताओ की गुंडागर्दी पर लगाम लगाने जैसे एसपी के रूप में भगवान श्रीकृष्ण आये हो।

लेकिन यह कलयुग है यहाँ एसपी धर्मेंद्र यादव तो क्या स्वयं श्रीकृष्ण भी आये तो नेता रुकने नही देंगे क्योंकि ये आईना दिखाते है और आईना सबकुछ साफ साफ दिखा देता है जो ये नेता छिपाते है।

गालीबाज मंत्री के खिलाफ जहाँ जनता सड़को पर है और पुलिस को सम्मान देने और मंत्री को गिरफ्तार करने की मांग तेज हो गई है, मामला अब थमने का नाम नही ले रहा है, वही विश्वसनीय सूत्रों से यह भी जानकारी मिल रही है कि कुछ नेता 2 दिन पहले ही आलाकमान के पास पहुंच गए है, ओर सच्चाई और ईमानदारी के साथ जनता और विभाग के लिए खड़े एसपी को अन्यत्र भेजने की मांग की जा रही है, इससे ऐसे नेता कहा ना कही सच्चाई को दबाने का काम कर रहे है।




दूसरी ओर कांग्रेस भी जमकर मंत्री की इस गन्दी ओर ओछी हरकत का विरोध कर रही है, पूर्व मंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में भी बड़ी संख्या में कांग्रेजनो ने कलेक्ट्रेट पहुंच प्रदर्शन कर मंत्री पर कार्यवाही करने की मांग की है। तो वही कांग्रेस के अन्य गुट भी अपने अपने स्तर पर भाजपा के मंत्री गौतम दक का विरोध दर्ज करवा पुलिस को सम्मान देने के लिए सड़कों पर उतर रहे है।

### एसपी ने बढ़ाया पुलिस का मान, पुलिस महकमें में एक नई ऊर्जा भरी

स्थानीय पुलिसकर्मियों ओर अधिकारियों से बातचीत में उन्होंने बताया कि हमारे कप्तान साहब ने खाकी को शर्मिंदा करने वाले मंत्री के खिलाफ एफआईआर करवा कर ना सिर्फ विभाग के हर एक पुलिसकर्मी का मान बढ़ाया जबकि पूरे पुलिस महकमे में एक नई ऊर्जा भर दी है जिससे पुलिस अब बिना किसी दबाव के दोगुने जोश के साथ ओर भी अच्छे से जनता के लिए कार्य कर सकेगी

### एसपी का ट्रांसफर यानी चित्तौड़गढ़ में आंदोलन की तैयारी

अगर सरकार चंद नेताओ जिनके निजी स्वार्थ के पीछे चंद दिनों में ही एसपी धर्मेंद्र सिह का ट्रांसफर अन्यत्र कर देती है तो कई संगठन और आम जनता आंदोलन करने और सड़कों पर उतरने की तैयारी में है, क्योंकि एसपी को अपनी राह से हटाने के लिए नेताओ की सुगबुगाहट शुरू हो गई है।

### जनता का कहना सरकार जनता की या नेताओ की

एसपी को नेताओ के दबाव में आकर अन्यत्र भेजने की तैयारी की खबर जैसे ही जिले में आम जनता को मिली जनता में भारी आक्रोश व्याप्त होने लग गया है, लोगो का कहना है कि सरकार को जनता चुनती है ना कि ये चंद नेता और अगर इन नेताओं के कहने पर पुलिस के साथ अन्याय किया जाता है तो इसके पीछे के कारणों को भी उजागर होने में समय नही लगेगा और इसका खामियाजा सरकार को ही भुगतना पड़ेगा या फिर अगर भारतीय जनता पार्टी जनता की ना होकर चंद नेताओ की हो गई है तो फिर नाम से जनता हटा देवे ओर इसे निजी पार्टी का नाम देवे, लोगों का कहना है कि पहली बार एसपी धर्मेंद्र के आने के बाद राजस्थान पुलिस का सबसे आदर्श वाक्य आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय' चरितार्थ हो रहा है, अपराधियों ओर तस्करों में हड़कंप है, यहाँ तक कि जो नेता माफियागिरी कर रहे उनमें भी डर पैदा हुआ है और फिर नेताओ के दबाव में सरकार इन्हें हटाने की गलती करेगी तो बर्दाश्त नही की जाएगी।

बहरहाल चित्तौड़गढ़ जिले में पुलिस के साथ मंत्री की इस हरकत ने सबको चोंका दिया साथ ही आमजन में आक्रोश है, ओर ऐसे मंत्री को हटाने की मांग भी तेज हो गई है तो जनता को उम्मीद है कि सरकार इस पर खरा उतरेगी ओर अनुशासनहीन मंत्री को पद से हटाएगी, अब सरकार जनहित में क्या फैसला लेती है यह तो समय के गर्त में है।

# कैफे में चाय पी रहे दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, हमलावर फरार

**मामूली कहासुनी बनी खूनी विवाद की वजह, भीमगंज पुलिस जांच में जुटी**



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा:-** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक कैफे पर मामूली कहासुनी के बाद हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक युवक ने कैफे में बैठे दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार गुलाब वाटिका के पास स्थित जनता टी कैफे पर तोहिब हुसैन और उसका दोस्त जाफर अंसारी चाय पी रहे थे। इसी दौरान आफताब नामक युवक वहां पहुंचा। बताया जा रहा है कि पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज हुई, जिसके बाद आरोपी ने अचानक चाकू निकालकर दोनों युवकों पर हमला कर दिया। हमले में तोहिब हुसैन और जाफर अंसारी घायल हो गए।

घायल तोहिब हुसैन ने बताया कि वे दोनों दोस्त कैफे पर बैठे हुए थे और आपस में मजाक कर रहे थे। इसी दौरान आफताब वहां आया और बिना कारण ही गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने हम दोनों पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी पुलिस जाब्ते के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली।पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।

# मांडलगढ़ को मिली 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात



▪ स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़** - नगर में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक ने पांच करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। आंबा की बावड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम के दौरान विधायक खंडेलवाल ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित गुप्तेश्वर महादेव सड़क का लोकार्पण किया। इसके साथ ही जालेश्वर तालाब क्षेत्र में लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित सीवरेज लाइन कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं किले के लिए होड़ाबारी मार्ग के निर्माण तथा देवतालाब की पाल की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर, अर्जुन ब्रह्मभट्ट, भाजपा महिला नेत्री अनिता सुराणा, लादू खटीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष जमनालाल सेन, पूर्व मंडी अध्यक्ष रतनलाल खटीक, श्यामलाल अहीर, महावीर सेन, अधिशासी अधिकारी देवी सिंह राठौड़ सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उंखलिया ने जीता 43वीं भीलवाड़ा जिला जूनियर हैंडबॉल का बालक-बालिका खिताब



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा:** जय सियाराम स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में मोदी स्टेडियम में आयोजित 43वीं भीलवाड़ा जिला जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। उंखलिया की टीमों ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में चैम्पियन बनकर डबल ताज अपने नाम किया।

### फाइनल परिणाम:

- बालक वर्ग: उंखलिया ने तस्वरिया को 17-09 से हराया। मध्यांतर तक उंखलिया 10-05 से आगे थी।
- बालिका वर्ग: उंखलिया ने सालरिया को 10-02 से पराजित किया।

उद्घाटन समारोह में उपस्थितः भाजपा जिला महामंत्री प्रहलाद राय त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, अर्पित समदानी, अरविंद सैंद, सादिर मोहम्मद, मोतीलाल, अनुराग पारीक, मनीष जांगिड़, नवल गुर्जर, रघुराज गुर्जर।

### समापन समारोहः मुख्य अतिथि

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत, बनवारी सोमानी। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह राणावत, इमरान कायमखानी – भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष, राजेंद्र काबरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने किया। विजेता-उपविजेता टीमों को सम्मानित करते हुए अतिथियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कार्यक्रम में अन्य उपस्थितः

राजस्थान हैंडबॉल संघ उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह, हेमेंद्र सिंह चुंडावत, तेज सिंह चौहान, गोविंद धोबी, प्रभु दर्शन बेरवा, लोकेश भट्ट, देशराज जाट, पांचूलाल नायक, ओमप्रकाश नायक, धनराज गुर्जर, निर्मल सिंह, अर्जुन सिंह एवं आयोजन सचिव।

# जहाजपुर अपर सेशन न्यायालय के प्रथम न्यायाधीश महावीर महावर ने संभाला पदभार

▪ स्मार्ट हलचल



**जहाजपुर** - क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए नवसृजित अपर सेशन न्यायालय, जहाजपुर में प्रथम अपर सेशन न्यायाधीश महावीर महावर ने पदभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार ग्रहण करने के साथ ही क्षेत्र के लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने बजट 2026 में जहाजपुर में स्थायी अपर सेशन न्यायालय की घोषणा की थी। इससे पूर्व यह न्यायालय पिछले लगभग नौ वर्षों से अस्थायी रूप से संचालित हो रहा था। न्यायालय के स्थायीकरण को लेकर बार एसोसिएशन द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी और विभिन्न स्तरों पर लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक चौहान के मुताबिक स्थानीय विधायक गोपीचंद मीणा के अथक प्रयासों एवं पैरवी के परिणामस्वरूप राज्य सरकार ने बजट में न्यायालय के स्थायी गठन की घोषणा की। इसके बाद न्यायिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

नवसृजित अपर सेशन न्यायालय में प्रथम न्यायाधीश के रूप में महावीर महावर के पदभार ग्रहण करने पर अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों का मानना है कि न्यायालय के स्थायी संचालन से क्षेत्र में न्यायिक सेवाएं अधिक सुलभ होंगी तथा लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण में भी सहायता मिलेगी।

# आंधी की तबाहीः 200 मीटर दूर जाकर गिरा छप्पर, मलबे में दबी मासूम का हाथ टूटा,खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर हुआ किसान

▪ स्मार्ट हलचल

**दौलतपुरा** क्षेत्र में अचानक आए तेज अंधड़ और चक्रवाती आंधी ने भारी तबाही मचाई है। उपखंड के कोड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दौलतपुरा (नरसिंह बासनी) में एक गरीब किसान का आशियाना पूरी तरह उजड़ गया। आंधी की रफ्तार इतनी भीषण थी कि किसान पूसा राम रावत का कच्चा छप्परनुमा घर जमीन से उखड़कर करीब 200 मीटर दूर जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में किसान की एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है, वहीं पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है।मलबे में दबी मासूम, हाथ में फ्रैक्चरग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, किसान पूसा राम अपने परिवार के साथ खेत में बनी झोपड़ी में रह रहे थे। घटना के वक्त पूसा राम की पत्नी और तीनों बच्चे छप्पर के अंदर ही मौजूद थे। अचानक आई तेज आंधी से झोपड़ी को सहारा देने वाली पत्थर की पट्टियां भरभराकर टूट गईं। इस दौरान एक भारी पत्थर की पट्टी बच्ची के ऊपर गिर गई। हादसे में बच्ची की आंख के ऊपरी हिस्से में गंभीर चोट आई है और हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। घायल बच्ची को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। गनीमत रही कि झोपड़ी की चपेट में आने से एक बिजली का पोल भी धराशायी हो गया, लेकिन उस समय वहां कोई मौजूद नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया।दाने-दाने को मोहताज हुआ परिवारपीड़ित किसान की वृद्ध माता ने रोते हुए बताया कि उनके बेटे के पास रहने के लिए यही एक मात्र झोपड़ी थी, जो अब पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। आंधी के कारण घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान दूर-दूर तक बिखर गया। बाद में एकत्र हुए ग्रामीणों ने बिखरे सामान को संभाला। पीड़ित परिवार के पास अब न तो रहने को छत बची है और न ही खाने को राशन।मुआवजे की मांगघटना के बाद पूरे गांव में मायूसी का माहौल है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन, तहसीलदार और पटवारी से मौके का मुआयना कर पीड़ित गरीब किसान को उचित सरकारी मुआवजा देने तथा आपदा राहत कोष से तुरंत आर्थिक सहायता राशि जारी करने की मांग की है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com

# जैतारण को मिली अंतरराष्ट्रीय स्तर की सौगातः 8 करोड़ की लागत से बनेगी आधुनिक हॉकी खेल अकादमी

### कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया भूमि पूजन; 12 जनवरी 2027 तक पूरा होगा विश्वस्तरीय सिंथेटिक टर्फ का काम

▪ स्मार्ट हलचल

ब्यावर/जैतारण।राजस्थान सरकार द्वारा खेल अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में रविवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। जैतारण में आधुनिक हॉकी टर्फ एवं हॉकी खेल अकादमी परियोजना का भव्य भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने मुख्य अतिथि के रूप में विधिवत भूमि पूजन कर इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नींव रखी।

इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने भावुक होते हुए कहा, 'लगभग 10 वर्ष पूर्व एक खिलाड़ी के रूप में मैंने जैतारण में आधुनिक हॉकी टर्फ का सपना देखा था। आज उस संकल्प को साकार होते देखना मेरे लिए अत्यंत संतोष और गौरव का क्षण है।' उन्होंने कहा कि इस अकादमी के माध्यम से ग्रामीण और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम रोशन कर सकेंगे।



**अंतरराष्ट्रीय मानकों पर तैयार होगा इंफ्रास्ट्रक्चर**

जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना ने परियोजना की तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि बजट वर्ष 2025-26 के अंतर्गत युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा इसके लिए 8 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर द्वारा कार्यादेश जारी किया जा चुका है।

**इस परियोजना की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:**

**स्वीकृत लागतः** 6,59,10,354 (6.59 करोड़ रुपये)।

**डेडलाइनः** कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 जनवरी 2027 तय की गई है।

**आधुनिक सुविधाएंः** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के मानकों के अनुरूप सिंथेटिक हॉकी टर्फ, अत्याधुनिक ड्रेनेज सिस्टम, भूमिगत जल टैंक, पम्प रूम, चेन लिंक फेंसिंग और खिलाड़ियों के लिए डगआउट का निर्माण किया जाएगा।

ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा वैश्विक मंच समारोह को संबोधित करते हुए संभागीय आयुक्त श्री शक्ति सिंह राठौड़ ने कहा कि यह परियोजना ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगी। अब स्थानीय युवाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

'खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। यह अकादमी जैतारण को खेल जगत में एक नई पहचान देगी।'

**— कमल राम मीना, जिला कलेक्टर**

**समारोह में रही गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी**

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास की इस ऐतिहासिक पहल की सराहना की गई। अंत में जिला खेल अधिकारी श्री दिनेश चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, हॉकी राजस्थान संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत सहित संत समाज से नारायण नाथ महाराज रास, सुंदरदास महाराज, हरिराम महाराज, भगतराम शास्त्री एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# खजूरी गांव में स्टेट हाईवे-134 की बदहाल सड़क बनी हादसों का कारण, टोल वसूली पर भी उठे सवाल



▪ स्मार्ट हलचल

**खजूरी।** स्टेट हाईवे-134 पर खजूरी गांव के पास सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण सफर जोखिम भरा बन गया है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि सड़क की हालत खराब होने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा इस मार्ग पर टोल टैक्स की वसूली की जा रही है। लोगों का कहना है कि जब सड़क पर चलना ही मुश्किल हो गया है, तब टोल वसूलना यात्रियों के साथ अन्याय है। उनका सवाल है कि टोल से प्राप्त होने वाली राशि के बावजूद सड़क की मरम्मत और रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि सड़क के गड्ढों को तत्काल भरवाकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए। साथ ही टोल वसूली के बदले बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि टोल वसूली के साथ-साथ सड़क की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करना विभाग की जिम्मेदारी है, जिसे वर्तमान स्थिति में पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है।

# ब्यावर में शेख सैय्यद मुगल पठान महासभा का चतुर्थ प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न, 60 प्रतिभाएं सम्मानित

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शेख सैय्यद मुगल पठान महासभा संस्थान, ब्यावर का चतुर्थ प्रतिभा सम्मान समारोह लोधा का बाड़िया स्थित महासभा भवन में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस गौरवमयी कार्यक्रम में समाज की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक (खेल व अन्य) क्षेत्रों से जुड़ी 60 उत्कृष्ट प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जालौर के प्रधानाचार्य एवं अजमेर के पूर्व अतिरिक्त जिला अधिकारी (ADM) यूडी खान ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष हाजी बशीर मोहम्मद और वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जमाल खान ने की।

**लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें युवा यूडी खान**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि यूडी खान ने कहा, 'प्रतिभाओं का सम्मान उनकी कार्यक्षमता और हौसले को और मजबूत करता है। युवाओं को अपने जीवन का एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए ताकि वे कामयाबी हासिल कर सकें।' इसके साथ ही उन्होंने संस्था के दायित्वों पर जोर देते हुए कहा कि होनहार बच्चों की पढ़ाई में समाज को हर संभव सहयोग करना चाहिए, जिससे वे अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकें।



**मेधावी छात्रों को मिले नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह**

संस्थान के अध्यक्ष हाजी बशीर मोहम्मद ने बताया कि समारोह के दौरान कक्षा 10वीं, 12वीं बोर्ड सहित स्नातक (Graduation) और स्नातकोत्तर (Post-Graduation) में बेहतरीन अंक लाने वाले विद्यार्थियों को नकद राशि, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर नवाजा गया।

**साहिल खान को 11 हजार का विशेष पुरस्कारः**

नूरियावास के छात्र साहिल खान (पुत्र कालू खान) ने बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे समाज को गौरवान्वित किया। इस असाधारण उपलब्धि के लिए संस्था की ओर से उन्हें 11,000 रुपये का नकद पुरस्कार और विशेष शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जमाल खान ने भी प्रतिभावान बच्चों की हौसलाअफजाई की और भविष्य में महासभा की ओर से हर मुमकिन मदद का भरोसा दिलाया।

**ये रहे उपस्थित**

इस गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान सचिव महबूब अली, कोषाध्यक्ष सलीम मोहम्मद, उपाध्यक्ष युसुफ खान पठान, उपाध्यक्ष डॉ. अजमत अली, युसुफ अली, सिकन्दर खान पठान, सिकन्दर अली, सलीम शेख (जोधपुर वाले), मोहम्मद सलीम (एयरफोर्स), सहसचिव मुख्तियार खान, कासिम खान पठान, अकरम खान, मुजीब खान, करीम बख्श, मोहम्मद सरफराज पठान, फिरोज खान, इमरान खान, छोटू मास्टर, रसूल बेग, जब्बार बेग, जान मोहम्मद पठान सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# शिवली पुलिस से मुठभेड़ में शातिर लुटेरा राहुल गिरफ्तार, मुकदमें एक दर्जन से अधिक



▪ स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** अपराधियों के खिलाफ जारी सफल अभियान में शिवली थाना क्षेत्र में मुठभेड़ की बाद पुलिस ने बाला लूटने वाले शातिर अपराधी राहुल पुत्र अतर सिंह, निवासी ब्रह्मनगर कंजड़ डेरा, थाना अकबरपुर को भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी पहले ही पकड़ा जा चुका था। जानकारी के मुताबिक शिवली पुलिस को यह सफलता अपने अब तक के कार्यकाल में छोटी बड़ी सभी घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए सभी अपराधियों को जेल भेजने में सफल इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में मिली। घटना के समय देर रात पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी समय एक बाइक सवार पुलिस को देख भागने लगा, पीछा करने पर फायर किया। जवाबी फायरिंग में उसके दाएं पैर में गोली लगी और वहीं गिर गया। अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल अभियान में जुटे इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि हरदिया नाला गांव के राजेश की पत्नी रेखा देवी रविवार को कंडे पाथ रही थी। उसी समय अपाचे बाइक सवार दो लुटेरे आए और पता पूछने के बहाने उनका बाला नोंचकर भाग गए थे। जिसमें पुलिस ने एक आरोपित राजपुर के इस्माइल खां को बीते मंगलवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ ही पीड़ितों की सहायता में भी अव्वल इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के मुताबिक झपटमारी की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को एक पीली धातु का कान का बाला व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ कानपुर देहात व आसपास के जनपदों में 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। लोकहित में अपनी धुन के पक्के इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर की अगुवाई में इस अपराधी को गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर शिवेन्द्र कुमार लोकेश कुमार ,कांस्टेबल अभिषेक कुमार, रवि, अंकुर और शिवबर्धन भी शामिल रहे।

# ब्यावर में 15 नवंबर को जुटेगा महाकुंभः मेघवंशी मेघवाल महासभा रचाएगी 10वां सामूहिक विवाह, पोस्टर विमोचन के साथ कार्यकारिणी का विस्तार

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** अखिल राजस्थान मेघवंशी मेघवाल महासभा संस्था, ब्यावर के तत्वावधान में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष जीवन राम मेहरा एवं 10वें सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष सूरजमल सुवाल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज का 10वां भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 15 नवंबर 2026, दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अतिथियों द्वारा विवाह सम्मेलन के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

**सामाजिक सरोकारः**

अनाथ व दिव्यांग वर-वधु को मिलेगी पंजीयन में भारी छूट बैठक में समाज हित में बड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की गई कि ऐसी बेरोजगार



युवतियां जिनके माता-पिता नहीं हैं, उनका पूर्णतः निःशुल्क (100% छूट) पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही बेरोजगार युवकों तथा दिव्यांग वर-वधु को आधी (50%) पंजीयन राशि की छूट दी जाएगी।

विवाह समिति की नई कार्यकारिणी घोषित, 18 सदस्यों को मिली जिम्मेदारी सम्मेलन को भव्य और सफल बनाने के लिए विवाह समिति की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 18 कर्मठ सदस्यों को सर्वसम्मति से चुना गया। नवनिर्वाचित सदस्यों में उदाराम धोधावत, नेना राम ट्रेडिया, लाला राम कतिरिया, मोहन प्रकाश कमालिया, दिनदयाल नगोंडा, चुन्नी लाल गहलोत, छगनलाल धोधावत, गंगा सिंह परिहार, सूरज मेघवंशी, बाबूलाल गुजरिया, कैलाश पंवार, सीता राम भागडा, प्रहलाद गहलोत, मोहन लाल गोधा, देवेन्द्र पीपरवाल, अरविंद कुमार, प्रभू लाल हटेला एवं मदन लाल बामनिया शामिल हैं।

वरिष्ठ पदाधिकारियों की देखरेख में रूपरेखा तैयार बैठक का संचालन व मार्गदर्शन संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्य हजारीलाल भाटी, भगवान सहाय जारोडीया एवं रामलाल मेहरा द्वारा किया गया। संस्था के मुख्य पदाधिकारियों में अध्यक्ष जीवन राम मेहरा, सचिव नरेंद्र कटारिया, कोषाध्यक्ष भँवरलाल पलासिया, विवाह समिति के अध्यक्ष सूरजमल सुवाल, उपाध्यक्ष कैलाश राम तड़दीया, सचिव चिराग मेघवाल और कोषाध्यक्ष ठाकुर दास मेहरा ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की।

नवयुवक अध्यक्ष अनिल कटारिया, अजित राम गहलोत, लेखराज ट्रेडिया, दीपक रॉय कमालिया, रामेश्वर लाल मेहरा, ओमप्रकाश बरवड, जसवंत कमालिया, आयदान सुवाल, किशन राज सुवाल, सुरेश कतिरिया, गणेशराम कड़ेला, दिनेश पलासिया, जसराज कटारिया, लक्ष्मण कटारिया, दिनेश कमालिया, हरजी पलासिया तथा बाबु लाल गुजरिया उपस्थित रहे।

# आंधी से पूरा कच्चा घर उड़ा

